दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-
खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, शुक्रवार 01 नवम्बर 2019
www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

# छिपे हुए संकेत

छोटे से छोटे चुनाव भी अब देश की राजनीति के सूचकांक की तरह लिए जाने लगे हैं, इसलिए आज के सियासी परिदृश्य में महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव नतीजों के महत्व को अलग से रेखांकित करना जरूरी है। सबसे पहले तो इन नतीजों ने यह साबित किया है कि भारतीय जनतंत्र का मौजूदा दौर एकपक्षीय नहीं है। जनता की अपनी जमीनी कसौटियां हैं, जिन्हें लंबे समय तक नजरअंदाज करके किसी विचार या व्यक्ति त्व को ताड़ पर नहीं चढ़ाया जा सकता, भले ही वह कितना भी पवित्र और महान क्यों न हो।

बीजेपी पिछले कुछ समय से देश भर में खुद को अपरिहार्य जैसा बताने की कोशिश कर रही थी। इन चुनावों में भी उसे मुंह की नहीं खानी पड़ी है, लेकिन कुछ झटका जरूर लगा है। उसकी सत्ता भले ही बची रह गई हो पर ताकत घट गई है। हरियाणा में वह बहुमत से दूर रही और महाराष्ट्र में अपनी सहयोगी शिवसेना पर काफी ज्यादा निर्भर हो गई है।

इससे संदेश यही निकलता है कि रोजी-रोजगार, महंगाई और शोषण के मसलों को राष्ट्रीय मुद्दों से ढका नहीं जा सकता। बीजेपी को समझना होगा कि राष्ट्रीय स्तर पर उसकी नींव राज्यों में बेहतर प्रशासन से ही मजबूत रहेगी। महाराष्ट्र को लें तो उसके कुछ हिस्सों में पिछले कई सालों से लगातार फसलें खराब हो रही हैं और कर्ज माफी का लाभ किसानों तक नहीं पहुंच पा रहा। विदर्भ क्षेत्र में कोशिशों के बावजूद किसानों की आत्महत्याएं नहीं रुकीं। सेंटर फॉर द मॉनिटरिंग ऑफ इंडियन इकॉनमी की पिछले महीने की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि हरियाणा में बेरोजगारी की दर पूरे देश से ज्यादा, 28.7 फीसद है। कृषि उपजों की कीमतें वहां पिछले दो साल से लगातार गिर रही हैं जिससे किसान परेशान हैं। गुड़गांव जैसे प्रमुख आर्थिक केंद्र में काफी लोग नौकरी से निकाले गए हैं। जाहिर है, जनता ने वोट करते समय इन मुद्दों को ध्यान में रखा। विपक्ष के बंटे होने, कमजोर होने के बाद भी लोगों ने उसे अपना समर्थन दिया तो यह बात का संकेत है कि अपनी बेहतरी के लिए वे कोई भी विकल्प आजमाने को तैयार हैं। भारतीय लोकतंत्र का वैविध्य भी इसी कारण बचा हुआ है। विभिन्न सामाजिक समूह और समुदाय अपने भीतर भी नए विकल्प तलाश रहे हैं। हरियाणा में देवीलाल के समर्थकों ने उनकी चौथी पीढ़ी पर भरोसा जताया, इसलिए उनके पड़पोते दुष्यंत चौटाला को अपेक्षा से ज्यादा सीटें मिलीं। इसी तरह मराठा समुदाय के समर्थन के बूते एनसीपी में नई जान पड़ी है। दरअसल शरद पवार के परिवार पर ईडी का प्रहार मराठा समाज को नागवार गुजरा। एक निष्कर्ष यह है कि क्षेत्रीय पार्टियां फिर मजबूत हो रही हैं और वे आगे अजेंडा तय कर सकती हैं। कांग्रेस नेतृत्व को समझना होगा कि छोटे-मोटे स्वार्थों से ऊपर उठकर उनकी पार्टी अगर जमीन पर जनता के मसलों के साथ खड़ी हो तो लोग अब भी उसके साथ चलने को तैयार हैं।

# गोएयर ने बेंगलुरु और कोलकाता से दिल्ली के लिए शुरू की नई उड़ान



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारत की सबसे विश्वसनीय, समयबद्ध और सबसे तेजी से बढ़ती एयरलाइन गोएयर ने आज अपने कोलकाता-दिल्ली और बेंगलुरु-दिल्ली सेक्टरों पर अतिरिक्त आवृत्तियों की शुरुआत की घोषणा की. यह नई सेवा गोएयर के यात्रियों को कोलकाता और बैंगलोर से सिंगापुर के लिए बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करने में सक्षम होगी.

27 अक्टूबर, 2019 से प्रभावी, गोएयर वापसी यात्रा के लिए 5,882 रुपये से शुरू होने वाले किराए के साथ सप्ताह में तीन बार कोलकाता से दिल्ली के लिए नॉन-स्टॉप उड़ानें संचालित करेगा. कोलकाता से उड़ान जी8 115 बुधवार, शुक्रवार और रविवार को 09:35 बजे रवाना होगी और 12:25 बजे दिल्ली पहुंचेगी. वापसी नॉन-स्टॉप उड़ान जी8 114 दिल्ली से 15:10 बजे रवाना होगी और मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को कोलकाता में 17:40 बजे पहुंचेगी.

28 अक्टूबर, 2019 से, बेंगलुरु से दिल्ली के लिए नॉन-स्टॉप उड़ानें सप्ताह में चार बार संचालित होंगी, जिसमें वापसी यात्रा के लिए 5,335 रुपये से किराए की शुरुआत होगी. बेंगलुरु से उड़ान जी8 117 सोमवार, मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को 05:45 बजे रवाना होगी और 11:40 बजे दिल्ली पहुंचेगी. वापसी नॉन-स्टॉप उड़ान जी8 112 दिल्ली से 14:20 बजे रवाना होगी और सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को 17:10 बजे बेंगलुरु पहुंचेगी.

# हॉकी : चोटिल वरुण की जगह भारतीय टीम में शामिल होंगे लाकड़ा



**भुवनेश्वर।** कंधे की चोट के कारण भारतीय हॉकी टीम के डिफेंडर-ड्रैगफ्लिकर वरुण कुमार रूस के खिलाफ होने वाले अहम एफआईएच ओलम्पिक क्वालीफायर मैच में नहीं खेलेंगे। वरुण की जगह शुक्रवार और शनिवार को यहां कलिंगा स्टेडियम में होने वाले मैच के लिए बीरेंद्र लाकड़ा को टीम में शामिल किया जाएगा।

भारत के मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा, वरुण कुमार को सोमवार को प्रशिक्षण के दौरान कंधे में चोट लगी। तब से वह इलाज करा रहे हैं लेकिन दुर्भाग्य से इसमें किसी प्रकार का सुधार नहीं हुआ है।

रीड ने कहा, हमारे मेडिकल स्टाफ ने सलाह दी है कि वरुण को कुछ हफ्तों के लिए आराम करने की आवश्यकता है इसलिए हमने उनकी जगह लाकड़ा को टीम में जगह देने का फैसला किया है जो 170 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं और एक विश्व स्तरीय डिफेंडर हैं। वह बहुत अनुभवी हैं और भुवनेश्वर के परिस्थितियों को अच्छे से हैं जो उन्हें मुकाबला खेलने के लिए पूरी तरह से तैयार बनाता है।

# फेसबुक का मुनाफा बढ़कर छह अरब डॉलर पर



**सान फ्रांसिस्को (आरएनएस)।** राजनीतिक विज्ञापनों और क्रिप्टोकरेंसी को लेकर चिंता के बीच सितंबर में समाप्त तिमाही में फेसबुक का मुनाफा और आमदनी बढ़ी है। इस दौरान सोशल मीडिया कंपनी के प्रयोगकर्ताओं की संख्या में भी इजाफा हुआ है। फेसबुक ने कहा कि तिमाही के दौरान उसका मुनाफा बढ़कर छह अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि उसकी आय 28 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 17.4 अरब डॉलर रही। इस बीच फेसबुक के सक्रिय मासिक प्रयोगकर्ताओं की संख्या आठ प्रतिशत बढ़कर 2.45 अरब पर पहुंच गई। फेसबुक के प्रमुख एवं सह संस्थापक मार्क जुकरबर्ग ने कहा कि हमारे लिए यह तिमाही अच्छी रही। इस दौरान हमारे प्रयोगकर्ताओं की संख्या और कारोबार दोनों बढ़ा है।

# फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप के प्रतीक चिह्न का अनावरण शनिवार को



**मुंबई।** भारत में अगले साल होने वाले फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप के आधिकारिक प्रतीक चिह्न का अनावरण दो नवंबर को यहां एक समारोह के दौरान किया जाएगा। भारत की मेजबानी में अगले साल होने वाले दूसरे फीफा (अंतरराष्ट्रीय फुटबाल महासंघ) विश्व कप के आयोजन में एक साल शेष रहने के मौके पर इस कार्यक्रम का आयोजन होगा। गुरुवार को जारी मीडिया बयान के अनुसार केंद्रीय खेल मंत्री किरेन रीजीजू, फीफा की मुख्य महिला फुटबाल अधिकारी सराई बारेमन, स्थानीय आयोजन समिति (एलओसी) के अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल के अलावा अमेरिका की दो बार की विश्व कप विजेता टीम की सदस्य और महान महिला फुटबालर क्रिस्टीन लिली भी गेटवे आफ इंडिया पर मौजूद रहेंगी। नवी मुंबई का डीवाई पाटिल स्टेडियम इस टूर्नामेंट के आयोजन स्थलों में से एक है।भारत ने इससे पहले 2017 में फीफा अंडर-17 पुरुष विश्व कप की सफल मेजबानी की थी जिसमें इंग्लैंड ने खिताब जीता था।

# सोना 115 रुपये की तेजी के साथ 39,017 रुपये प्रति 10 ग्राम



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोना 115 रुपये की तेजी के साथ 39,017 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। बाजार सूत्रों ने यह जानकारी दी।बुधवार को सोने का भाव 38,902 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय कीमतों में मजबूती और रुपये में गिरावट आने की वजह से दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 115 रुपये ऊंचा बोला गया।'' उन्होंने कहा कि दिन के कारोबार के दौरान अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया सात पैसे कमजोर हो गया। गुरुवार के कारोबार में चांदी भी 95 रुपये की तेजी के साथ 47,490 रुपये प्रति किलोग्राम पर बोली गई। बुधवार को यह 47,395 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई था। पटेल ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने बाजार की अपेक्षा के अनुरूप मुख्य ब्याज दर में कटौती की है। हालांकि फेडरल रिजर्व ने मौद्रिक नीति में ब्याज दर के मामले में आगे उदारता बरतने पर रोक लगाये जाने का संकेत दिया है।

# हाउसफुल 4 की कमाई को फेक बताने वाले ट्रोलर्स को अक्षय कुमार ने दिया कड़क जवाब



हाउसफुल 4 रिलीज के काफी पहले से चर्चा में है। लेकिन रिलीज के बाद यह फिल्म अपने कलेक्शन को लेकर सोशल मीडिया पर लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। 25 अक्टूबर को रिलीज हुई हाउसफुल 4 ने 4 दिन में ही करीब 85 करोड़ की कमाई कर ली है। हालांकि कुछ लोगों को यह आंकड़ा सही नहीं लग रहा है और उन्होंने इसे फेक बताया। इस पर अब फिल्म में मुख्य किरदार निभाने वाले एक्टर अक्षय कुमार का जवाब आया है।

अक्षय ने ट्वीट करते हुए लिखा, हमें प्यार करने और हमारे साथ हंसने के लिए आप सभी का बहुत शुक्रिया। आज हम जहां भी हैं वह आप सभी के प्यार की वजह से हैं। मैं अपने उन फैन्स और दर्शकों का शुक्रिया अदा करता हूं जिन्होंने बिना किसी शर्त हाउसफुल 4 को इतना प्यार दिया। हमें यह दिखाने के लिए बहुत-बहुत शुक्रिया कि इस दुनिया में नफरत को सिर्फ प्यार से ही हराया जा सकता है।

बता दें कि हाउसफुल 4 घोषणा के वक्त से भी चर्चा में बनी हुई थी। ट्रेलर रिलीज होने के बाद फिल्म का जबरदस्त प्रमोशन किया गया। लेकिन जब रिलीज हुई तो इसे फिल्म क्रिटिक्स ने बेहद खराब रिव्यूज दिए। लेकिन ऐसे रिस्पॉन्स के बाद भी हाउसफुल 4 जबरदस्त कमाई कर रही है और बॉक्स ऑफिस पर टिकी हुई है।

# हॉरर-कॉमेडी शैली में काम करने के बारे में कभी नहीं सोचा था : कियारा आडवाणी



हॉरर कॉमेडी शैली में अभिनेत्री कियारा आडवाणी की दो फिल्में अगले कुछ महीनों में आ रही हैं। कियारा लक्ष्मी बॉम्ब में अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगी और भूल भुलैया 2 में वह कार्तिक आर्यन संग दिखाई देंगी।

कियारा ने कहा, मैंने कभी भी इस शैली (हॉरर-कॉमेडी) में काम करने के बारे में नहीं सोचा था, लेकिन लक्ष्मी बॉम्ब के बाद भूल भुलैया2 आ रही है, ये दोनों ही काफी अलग तरह की फिल्में हैं, इसलिए मैं बेहद उत्साहित हूं।

लक्ष्मी बॉम्ब के बारे में कियारा ने कहा, हमने इसमें अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है और हम इसे बेहतरीन मनोरंजक बनाने की हम उम्मीद करते हैं क्योंकि मुझे यकीन है कि उम्मीदें काफी ज्यादा होंगी। मैं अक्षय कुमार सर की भूल भुलैया की बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। यह पहली हॉरर-कॉमेडी फिल्म है जिसे मैंने देखा था।

भूल भुलैया 2 के निर्देशक अनीस बज्मी हैं और भूषण कुमार इसके निर्माता है। यह साल 2007 में आई हिट फिल्म भूल भुलैया की सीक्वेल है, अक्षय कुमार अभिनीत इस फिल्म को प्रियदर्शन ने निर्देशित किया था।

# मैं एक गर्वित टेलीविजन एक्टर हूं : मौनी रॉय



बॉलीवुड अभिनेत्री मौनी रॉय को लोकप्रिय टेलीविजन धारावाहिक क्योंकि सास भी कभी बहू थी से पहचान मिली थी और इसके बाद धारावाहिक नागिन से मौनी लोगों के बीच काफी चर्चित हो गई। इसके बाद मौनी ने बॉलीवुड में अपना किस्मत आजमाया, अपने अब तक के इस सफर में खुद के स्टारडम का श्रेय मौनी छोटे पर्दे को देती हैं और कहती हैं कि वह एक गर्वित टेलीविजन अभिनेत्री हैं। साल 2007 में क्योंकि सास भी कभी बहू थी में कृष्णा तुलसी के किरदार से मौनी ने अभिनय की दुनिया में कदम रखा, इसके बाद वह देवों के देव..महादेव, नागिन, जुनून-ऐसी नफरत तो कैसा इश्क जैसे कार्यक्रमों में नजर आई। क्या अपने शूटिंग करियर का श्रेय वह छोटे पर्दे को देती हैं?

## आज का राशिफल

*मेषः-* धैर्य और समझदारी से दिन गुजारें। आज परिश्रम अधिक और लाभ कम रहेगा। कार्यों में बाधाएं आएंगी। यात्रा हो सके तो टालें। वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं।

*वृषभः-* हंसी-मजाक और मनोविनोद में रुचि रहेगी। आज दैनिक कार्यों से हटकर कुछ अलग और रचनात्मक करना चाहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा।

*मिथुनः-* आज ढेर सारी जिम्मेदारियों को निभाने का दिन है। सुबह से ही आपके अंदर नई शक्ति और उर्जा का संचार होता रहेगा। संघर्ष के साथ सफलता एवं धन प्राप्ति का योग है।

*कर्कः-* सितारों की स्थिति अनुकूल है। पारिवारिक जीवन में तालमेल से आनंदित रहेंगे। बुद्धि-विवेक से सफलता आज आपके कदम चूमेगी।

*सिंहः-* इधर-उधर की बातों को सोचकर आप उलझन में रहेंगे। अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखें विवाद की आशंका है।

*कन्याः-* बड़े बुजुर्गों से स्नेह और सहयोग मिलेगा। कार्य क्षेत्र में अधिकारी सहायक रहेंगे। प्रयास कीजिए आज सभी कार्य सरलता पूर्वक हल होंगे और उनमें सफलता मिलेगी।

*तुलाः-* थकान और आलस महसूस करेंगे लेकिन चढ़ते सूरज के साथ आप भी सक्रिय होंगे। दिन कुल मिलाकर आपका शुभ होगा। धन लाभ का योग है। परिश्रम करेंगे और बदले में मनोवांछित फल की प्राप्ति होगी।

*वृश्चिकः-* परिवार में आनंद और उल्लास का माहौल रहेगा। मित्रों और सगे-संबंधियों से सहयोग मिलेगा। व्यवहार में उग्रता और अहं का भाव आ सकता है, संयम रखें।

*धनुः-* आज आपका मन चंचल रहेगा, महत्वपूर्ण विषयों पर जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचें। ग्रह नक्षत्र कहते हैं कि बिना सोच-विचार किए कोई कार्य न करें। व्यय का योग है, अनावश्यक खर्च से बचें।

*मकरः-* आज प्रत्येक क्षेत्र में आपको लाभ मिलेगा। परिवार में आपसी तालमेल बना रहेगा। कार्यालय में अनुकूल स्थिति रहेगी। विद्यार्थियों की रुचि पढने-लिखने में रहेगी।

*कुंभः-* आज दिन भर व्यस्त रहेंगे। उर्जा और उत्साह बना रहेगा। तरोताजगी के साथ कार्यक्षेत्र में जुटे रहेंगे। कर्म प्रधान दिन है, जितनी मेहनत करेंगे, उतना ही लाभ मिलेगा।

*मीनः-* दिन मिलाजुला रहेगा। आज जितना विश्वास आप भाग्य पर करें उतना ही भरोसा स्वयं पर भी करें। भाग्य और परिश्रम मिलकर सफल बनाएंगे। धर्म-कर्म और अध्यात्म में रुचि रहेगी। कार्य क्षेत्र में व्यस्त रहेंगे। स्वास्थ्य के मामले में लापरवाही ना करें।

# पालक पूरी बनाने की विधि...



### सामग्रीः

1 पाव -पालक, 4 कप -आटा, 3 बड़े चम्मच- रवा, 2- बारीक कटी हुई हरी मिर्च, छोटा चम्मच -जीरा पाउडर, छोटा चम्मच -धनिया पाउडर, द चम्मच-अजवाइन, 1/4 छोटा चम्मच- हल्दी पाउडर, तेल- (तलने के लिए आवश्यकतानुसार), नमक-(स्वादानुसार)

### बनाने की विधिः

सबसे पहले पालक को पानी से डालकर 3 से 4 बार अच्छी तरह से धो लें। इसके बाद पालक को बारीक-बारीक काट लें। अब गर्म पानी में पालक को काटकर थोड़ा सा उबाल लें। गर्म पानी में से पालक को निकालकर उसका पेस्ट तैयार कर लें। पालक के इस पेस्ट को आटा डाल लें।इसके बाद इस आटे में उपर बताई सारी सामग्रियों को भी मिला दें। अब आटे में आवश्यकतानुसार पानी का उपयोग करते हुए आटा को थोड़ा सख्त गूंथ लें। गुंथा हुये आटे में एक साफ कपड़ा डालक आधा घंटे के लिए रख दें। अब गोल गोल आकार की पूरियां बेलकर उन्हें तल लें।


## शब्द सामर्थ्य- 30

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिड़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 29 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | | स्वा | द | | स | ब | ब |
| जा | | सु | हा | ना | | | ली | द |
| ब | हु | धा | | द | ल | ना | | ल |
| | | क | मा | न | | ग | ह | ना |
| भं | व | र | | | | वा | म | |
| गी | त | | म | ज | बू | र | | ट |
| | न | म | स्का | र | | | | र |
| | | यां | | | बी | | ना | का |
| सं | वि | दा | | ब | स | च | ल | ना |

## सू-दोकू- 30

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.29 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |